भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
विज्ञापन सं. डीएसटी/ए-12024/11/2022-स्था.II
https://dst.gov.in/

दिनांक 17 मई, 2023

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग 01 सलाहकार की विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/भारत सरकार द्वारा प्रशासित स्वायत्त निकायों के सेवानिवृत्त अधिकारियों से निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

**2. लीगल सेल के लिए सलाहकार (विधिक सलाहकार):**

**A. पद की संख्या: 01 (एक)**

**B. आवश्यक पात्रता:**

i. भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों/ संबद्ध /अधीनस्थ कार्यालयों या भारत सरकार द्वारा प्रशासित स्वायत्त निकायों में स्तर 11, 12 या समकक्ष स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारी।

ii. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कानून की स्नातक डिग्री।

iii. भारत सरकार के कार्यालयों / भारत सरकार द्वारा प्रशासित स्वायत्त निकायों में अदालती मामलों को संभालने का पर्याप्त अनुभव (कम से कम 3 वर्ष)।

**C. वांछनीय:** उसके पास प्रभावी संचार और अंतर-व्यक्तिगत कौशल होने के साथ गहराई से जांच करने की कुशलता, विशेषतः अदालती मामलों को, होनी चाहिए, ताकि वह, जवाब दाखिल करने, पैरा-वार टिप्पणियों/जवाबों की तैयारी और अन्य संबंधित मुद्दों में विभाग की सहायता कर सके ।

**D. आयु:** विज्ञापन/नोटिस की अंतिम तिथि को 63 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

**E. कर्तव्यों की प्रकृति:** अदालती मामलों में भाग लेना, पैरा-वार टिप्पणियां/प्रतिशपथ पत्र तैयार करना, कानून की विभिन्न अदालतों में कानूनी कार्यवाही करना, सरकारी वकीलों के कानूनी/पेशेवर शुल्क के दावों की जांच करना इत्यादि ।

**3. वेतन और अन्य भत्ते: -**

समेकित पारिश्रमिक, सेवानिवृत्ति के समय आहरित वेतन से मूल पेंशन (अनकम्यूटेड) की कटौती के आधार पर तय किया जाएगा। अनुबंध की अवधि के दौरान कोई वेतन वृद्धि या भत्ता जैसे महंगाई भत्ता, एचआरए आदि नहीं दिया जाएगा । परिवहन सुविधा, आवासीय व्यवस्था, सीजीएचएस, चिकित्सा व्यय नहीं दिए जाएंगे।

आवास और कार्यस्थल के बीच यात्रा के लिए एक उपयुक्त और निश्चित राशि परिवहन भत्ता के रूप में देय होगी जो सेवानिवृत्ति के समय लागू रेट से अधिक नहीं होगी। इस प्रकार निर्धारित राशि नियुक्ति की अवधि के दौरान स्थिर रहेगी।

अत्यावश्यक मामलों में यात्रा के दौरान टीए/डीए सेवानिवृत्ति के समय लागू रेट के अनुसार देय होगा ।

**4. नियुक्ति की शर्तें: -**

i. नियुक्ति का प्रस्ताव स्वीकार करने वाले सलाहकार को, कोई काम सौंपने से पहले विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के साथ एक समझौते में हस्ताक्षर करना होगा इसमें गोपनीयता सहित अनुबंध की अन्य शर्तें सम्मिलित होंगी ।

ii. नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष होगी। अवधि को किसी भी तरफ से एक महीने का नोटिस देकर खत्म किया जा सकता है।

iii. किसी भी सलाहकार द्वारा विभाग के साथ अनुबंध के भंग को अनुबंध के अंतर्गत की गई नियुक्ति समाप्त करने का पर्याप्त कारण माना जाएगा और विभाग द्वारा ऐसे सलाहकार को भविष्य में नियुक्ति से वंचित करने का अधिकार रहेगा।

iv. विभाग विज्ञान और प्रौद्योगिकी या उसके प्रतिनिधि को किसी भी आवेदन को कोई कारण बताए बिना अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

v. सलाहकार सेवा के प्रत्येक पूर्ण माह के लिए 1.5 दिन की अवकाश के लिए पात्र होंगे। कैलेंडर वर्ष की छुट्टी अगले वर्ष में अग्रेषित नहीं की जाएगी । स्वीकार्य अवकाश अवधि से 30 दिन से अधिक अनुपस्थिति के मामले में विभाग सलाहकार की सेवाओं को समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होगा।

**5. चयन प्रक्रिया: -**

विज्ञापन के जवाब में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की जाएगी और योग्य आवेदकों को मूल दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार और दस्तावेजों की सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार के परिणामों के आधार पर उम्मीदवार चयनित किए जाएंगे। आवश्यक योग्यताओं को पूरा करने वाले आवेदकों से अनुरोध है कि वे अनुलग्नक । में दिए गए प्रो फॉर्मा के अनुसार आवेदन करें।

**6. आवेदन कैसे करें:**

सलाहकार के पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार अनुलग्नक-। में दिए गए प्रारूप के अनुसार अपना आवेदन dstadmdb-most@nic पर ईमेल कर सकते हैं या अवर सचिव, स्थापना ॥ अनुभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, प्रौद्योगिकी भवन, नई महरौली रोड, नई दिल्ली - 110016, को इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों के भीतर जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या किसी भी तरह से अपूर्ण प्राप्त आवेदनों को खारिज कर दिया जाएगा। अंतिम तिथि से पहले पोस्ट किए गए आवेदन के वितरण के लिए डाक विभाग की ओर से किसी भी देरी के लिए डीएसटी जिम्मेदार नहीं होगा। ऐसी अस्वीकृति के खिलाफ किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

नोट: इस विज्ञापन के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी विचलन/विरोधाभास की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

अतिन

(अतिन सिंह यादव)
अवर सचिव
टेली.: 011-29590670

अनुलग्नक-I

## बायोडाटा प्रोफार्मा

विज्ञापन संख्या : डीएसटी/ए-12024/11/2022-स्था.II

फोटो

1. आवेदित पद :

2. नाम और पता :
(ब्लॉक अक्षरों में)

3. जन्म तिथि :

4. केंद्र सरकार के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तिथि :

5. शैक्षणिक योग्यताएं :

| संस्थान / बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम (स्नातक के बाद) | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अध्ययन किए गए विषय | श्रेणी/ प्राप्त अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

6. रोजगार/अनुभव का कालानुक्रमिक विवरण। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें।

| कार्यालय/संस्थान | धारित पद | कब से | कब तक | वेतनमान/मूल वेतन | कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

7. परामर्श के लिए प्रासंगिक अनुभव:

**घोषणा**

मैं एतद्द्वारा वचन देता हूं कि जीवनवृत्त में दी गई जानकारी सत्य और सही है। मैं सलाहकार के रूप में नियुक्ति के लिए नियम और शर्तों से सहमत हूं।

जगह:
तारीख:

उम्मीदवार के हस्ताक्षर
मोबाइल:
ईमेल आईडी: